an>

Title: Alleged arbitrary levying of fees by private educational institutions in the country.

श्री राजेश रंजन **(मधेपुरा) :** माननीय उपाध्यक्ष जी, हुक्म देव जी कुछ दिन पहले कहा था कि लगातार प्राइमरी स्कूल से लेकर तकनीकी, मेडिकल कॉलेज में डोनेशन की परंपरा बढ़ती जा रही है और रिएडमिशन के नाम पर शोषण हो रहा है। खास तौर पर मध्यम वर्ग के छात्र और किसान के बच्चों को इससे परेशानी हो रही है। अब देश में डोनेशन और रिएडमिशन संस्कृति बन गई है। मेरा सरकार से आग्रह है कि इसे समाप्त किया जाए। मैं बिहार के बारे में बताना चाहता हूं कि आज भी चार से आठ हजार बेटियां तकनीकी एजुकेशन नहीं ले पा रही हैं। मिडल क्लास में पढ़ने वाले बच्चे और बच्चियों की संख्या अभी तक लाख और करोड़ तक नहीं पहुंच सकी है। बिहार में मिडल और प्राइमरी शिक्षा का प्रतिशत बहुत कम है। इस देश में इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज, निजी प्राइवेट स्कूल शोषण कर रहे हैं। इसे रोकने के लिए हर परिस्थिति में कानून बने ताकि डोनेशन और रिएडमिशन की परंपरा खत्म हो सके।